प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर   दिनांक 12.06.2024

पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर की अध्यक्षता में की गयी अपराध गोष्ठी।

आज दिनांक 12.06.2024 को पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन हमीपुर में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के प्रारम्भ होने से पूर्व जनपद के थानों, कार्यालय एवं शाखाओं से आये पुलिस कर्मियों का सम्मेलन किया गया। जिसमें कर्मचारियों द्वारा उठायी गयी समस्याओं की जानकारी ली गयी व समस्याओं का निराकरण किया गया । तत्पश्चात अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा की गयी। जिसमें सर्वप्रथम अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत कार्यवाही किये जाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम व अंकुश लगायें जाने हेतु रात्रि गस्त व क्षेत्र में भ्रमण करने, लंबित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए गये। बैंकों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु विशेष निर्देश दिये गये। साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। 06 माह से लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये तथा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों, इनामियां, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर आदि की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करने, एंटी-रोमियो टीम द्वारा अभियान को निरंतर जारी रखने, वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करने हेतु निर्देशित किया साथ ही साथ आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर जोर दिया गया। समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि बीट पुलिस कर्मचारी से उनके पास लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों के संबन्ध में पूँछ-तॉछ करते हुए प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं तथा महिला आरक्षियों को महिला हेल्प डेस्क पर आने वाले आगन्तुकों से अच्छा व्यवहार करने एवं मधुर भाषा का प्रयोग किये जाने के संबन्ध में निर्देश दिये गये। बरामदगी हेतु शेष अपहृताओं की समीक्षा करते हुए उनकी बरामदगी शीघ्र करने के संबन्ध में उचित दिशा निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों में थाना समाधान दिवस में संदर्भित करते हुए राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष

जांच कर निस्तारण करायें। थानों पर लंबित मालमुकदमातों वाहनों/मालों के निस्तारण हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा एवं गंगा दशहरा के दृष्टिगत प्रत्येक थाना प्रभारी त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें तथा प्रत्येक प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी संबन्धित क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में लगाकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। आगामी त्यौहार के दृष्टिगत प्रत्येक क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगवाए गये सीसीटीवी कैमरों की समीक्षा भी करने हेतु निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, समस्त क्षेत्राधिकारी जनपद हमीरपुर, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन हमीरपुर व सम्बन्धित अधिकारी कर्म0गण मौजूद रहें।